Dainik Jagran (23.07.2016)

शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन

जासं, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से डिजाइन टैक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इंजीनियरिंग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रयोग होने वाली प्रोग्रामिंग लैंग्वेज मेटलैब और सिमूलिंक पर शॉट-टर्म कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स के आयोजन का उद्देश्य इंजीनियरिंग में प्रमुखता से प्रयोग होने वाले सॉफ्टवेयरों की बुनियादी प्रोग्रामिंग अवधारणा तथा तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत करवाना था। जिससे इनके उपयोग से अनुसंधान कार्यों में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें।

18 से 22 जुलाई तक हुए आयोजन को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संबोधित किया। कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर तथा मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल भी उपस्थित थे। पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. नवदीप मल्होत्रा तथा मुकेश गुप्ता रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संकाय सदस्यों के विकास के लिए पाठ्यक्रम के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग तथा विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षाविदों तथा उद्योगों में प्रयोग की जा रही प्रोग्रामिंग लैंग्वेज में मेटलैब का प्रचलन बढ़ है, इसलिए औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार प्रतिभागियों के साथ। जागरण

AMAR UJALA 23.07.2016	HINDUSTAN HINDI 23.07.2016	NAVBHARAT TIMES 23.07.2016

AMAR UJALA 23.07.2016

शनिवार । 23 जुलाई 2016

शॉर्ट-टर्म कोर्स

बल्लभगढ़ (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डिजाइन टैक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इंजीनियरिंग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रयोग होने वाली प्रोग्रामिंग लैंगवेज मेटलैब और सिमूलिंक पर शॉर्ट-टर्म कोर्स का आयोजन किया गया।

HINDUSTAN HINDI 23.07.2016

वेबसाइट पर उपलब्ध है।

शार्ट-टर्म कोर्स की जानकारी दी

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर शार्ट-टर्म पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंजीनियरिंग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रयोग होने वाली प्रोग्रामिंग, भाषा, मेटलैब और सिमूलिंक के विषय में जानकारी दी गई।

यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इसका आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 18 से 22 जुलाई तक किया गया था। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर, मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल, प्रो. नवदीप मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

NAVBHARAT TIMES 23.07.2016

बताया महत्व

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के मिकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और डिजाइन टैक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रोग्रामिंग लैंग्वेज मेटलैब और सिमूलिंक पर शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया गया। मेटलैब और सिमूलिंक जैसे प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर विकसित करने वाली कंपनी मैथवर्क्स की ओर से प्रमाणित इस कोर्स के आयोजन का उद्देश्य इंजीनियरिंग में प्रयोग होने वाले सॉफ्टवेयर्स की तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत करवाना था। वाइस चांसलर दिनेश कुमार ने ऐसे सॉफ्टवेयर्स के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा, प्रो. संदीप ग्रोवर तथा प्रो. एमएल अग्रवाल, प्रो. नवदीप मल्होत्रा, मुकेश गुप्ता उपस्थित रहे।